Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Tribal University in Gumla district, Jharkhand-laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मैं सरकार का ध्यान जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और जीवनशैली की ओर आकर्षित करते हुए, निवेदन करना चाहता हूँ कि जनजाति बहुल क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है I सुदूर ग्रामीण अंचल और वनों में निवास करने वाले जनजातीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा का प्रचलन और उच्च शिक्षा प्रदान करने सम्बन्धी अवसर प्रदान करने होंगे I विलुप्त होती जा रहीं आदिम जनजातियों सहित सभी जनजातियों की संस्कृति,उनकी जीवन शैली, उनके हस्तशिल्प और समस्त कलाओं, उनकी भाषा और लिपियों पर अनेकों शोध हुए और हो रहे हैं I इसलिए गत अनेकों वर्षों से जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये, ऐसी आवश्यकता महसूस की जा रही है I

मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा जनजातीय बहुल झारखण्ड राज्य का उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र हैं और यहाँ की शैक्षिक स्थिति भी अच्छी नहीं है, मेरे संसदीय क्षेत्र का गुमला जिला दोनों ओर से छत्तीसगढ़ व उड़ीसा प्रान्तों को झारखण्ड से जोड़ता है । उधर लोहरदगा जिले के निकट उत्तरप्रदेश राज्य के जनजातीय बहुल जिले मिलते हैं I महाराष्ट्र व दक्षिण के प्रान्तों से रेल मार्गों से यह क्षेत्र जुड़ा हुआ है I

मेरा सरकार से निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला जिले में “जनजातीय विश्वविद्यालय ”की स्थापना की जाये जिससे कि जनजाति समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान हो सकें और जनजातीय संस्कृति को संरक्षित करने सहायता मिल सके, भारत की अमूल्य धरोहर भारत की जनजातियों पर शोध कर भी सुलभता पूर्वक हो सके I लोकहित में व नजातीय संस्कृति के हित में मेरे आग्रह और प्रार्थना पर सरकार द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार

करते हुए, गुमला में “जनजातीय विश्वविद्यालय ”की स्थापना करने का महान कार्य अवश्य किया जायेगा। धन्यवाद सहित ।